# भारतीय जनता पार्टी

*(केन्द्रीय कार्यालय)*
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
**फोन –** 23005700 **फैक्स** – 23005787

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
## श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

**नई दिल्ली**, **8 फरवरी:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी ने कहा की कॉंग्रेस एवं गृहमंत्री द्वारा हिन्दू आतंकवाद का राजनैतिक शगूफा छोड़ कर, वास्तविक आतंकवाद को क्लीन चिट देने की आपराधिक मानसिकता के खिलाफ संसद सत्र से पूर्व भाजपा ज़बरदस्त विरोध प्रदर्शन एवं प्रधानमंत्री आवास का घेराव करेगी।

श्री नक़वी ने कहा की कॉंग्रेस के जयपुर मीटिंग में गृहमंत्री ने जिस तरह से देश की आतंकवादी घटनाओं को भारत एवं भगवा आतंकवाद से जोड़ने की राजनैतिक साजिश की उससे आतंकवाद के शैतानी गुनाहकारों को अपने पापों पर पर्दा डालने का मौका मिला है, सरकार का यह राजनैतिक शगूफा देश के दुश्मनों को बचाने की कोशिश है। आतंकवाद के मुद्दे पर दुनिया के सामने बेनकाब हो चुके पाकिस्तान ने इस बयान को अपने सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

श्री नक़वी ने कहा की गृहमंत्री सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगें, अन्यथा संसद से सड़क तक कॉंग्रेस, उसकी सरकार एवं गृहमन्त्री का ज़बरदस्त विरोध होगा। इसी क्रम मे 20 फरवरी को संसद सत्र से ठीक पहले भाजपा प्रधानमंत्री निवास का घेराव और प्रदर्शन करेगी।

श्री नक़वी ने बताया की तीन राज्यों मेघालय, नागालैंड, एवं त्रिपुरा में हो रहे विधान सभा चुनावों अभियान का शुभारंभ पार्टी अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह 11 फरवरी को करेंगे।

श्री नक़वी ने कहा की श्री राजनाथ सिंह 2 दिनों तक इन तीनों चुनावी राज्यो में विभिन्न चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

श्री नक़वी ने बताया की भाजपा त्रिपुरा में 60 में 50 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि भाजपा 11 सीटों पर, नागालैंड सत्ता पार्टी नागापीपुल्स फ्रंट, एवं जनता दल (यू) के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही है। मेघालय के 13 सीटों पर चुनाव मैदान में हैं, जहां नेशनल पीपुल्स पार्टी के साथ कुछ सीटों पर अंडरस्टैंडिंग है।

श्री नक़वी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक 2 एवं 3 मार्च को दिल्ली में होगी।

श्री नक़वी ने बताया की श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस दो दिवसीय बैठक में विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिसमे देश के राजनैतिक, आर्थिक हालात, महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, केंद्र की कॉंग्रेस सरकार का कुशासन, आंतरिक सुरक्षा-राष्ट्रीय सुरक्षा पर केंद्र सरकार की कमजोर-घुटनाटेकु नीति एवं आने वाले विधान सभा एवं लोकसभा चुनावों की रणनीति, पर चर्चा होगी, "भाजपा सुशासन के संकल्प और अंतयोदय" के लक्ष्य के साथ आने वाले चुनावों में लोगो के बीच जाएगी।

श्री नक़वी ने बताया की 2 एवं 3 मार्च की राष्ट्रीय परिषद बैठक में राष्ट्रीय परिषद के सभी सदस्य, लोक सभा-राज्य सभा के सभी सांसद, विधान सभा - विधान परिषद के सभी सदस्य, प्रदेशों के पदाधिकारी, मोर्चों के राष्ट्रीय संयोजक - सह संयोजक, सभी जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री, भाजपा से संबन्धित सभी महापौर - उप-महापौर, ज़िला पंचायतों के भाजपा से संबन्धित अध्यक्ष, एवं सभी संगठन मंत्री शामिल होंगे।

(ओ0 पी0 कोहली)
कार्यालय प्रभारी